प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 26.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

राष्ट्र आज 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मना रहा है। नई दिल्ली में कर्तव्य–पथ पर आयोजित राष्ट्रीय समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली।

......................................................

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय समर स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। गणतंत्र दिवस समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो मुख्य अतिथि रहे। इस वर्ष की परेड में इंडोनेशिया से 160 सदस्यों् की मार्चिंग टुकड़ी और 190 सदस्यों वाले बैंड ने भी भागीदारी की। परेड में देश की समृद्ध सां स्कृतिक परम्परा, विविधता और विकास को प्रदर्शित करती विभिन्न् राज्यों और केन्द्र सरकार की 31 झांकियां प्रस्तुत की गईं। परेड की झांकियों का मुख्य विषय –स्वर्णिम भारत, विरासत और विकास था। समारोह में सेना के तीनों अंगों के साथ ही अर्ध सैनिक बलों,एनसीसी और एनएसएस की टुकडियों ने मार्च पास्ट किया। इस दौरान देश की अदम्य और मजबूत सैन्य शक्ति का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। परेड का समापन 47 विमानों के फ्लाईपास्ट से हुआ। इस वर्ष की परेड में देश और समाज के निर्माण में योगदान करने वाले 10 हजार लोगों को विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया।

......................................................

प्रदेशभर में भी गणतंत्र दिवस परम्परागत उल्लास और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। राज्यस्तरीय समारोह उदयपुर के महाराणा भूपाल स्टेडियम में आयोजित हुआ, जहां राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्र ध्वज फहराया और मार्च पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर प्रदेश की सांस्कृतिक परम्परा और विविधता से जुडी झांकियों के साथ ही विद्यार्थियों के व्यायाम प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी हुई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, राज्य सरकार के मंत्री, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य लोगों के साथ आमजन शामिल हुए। समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए 17 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उदयपुर के नगर निगम टाउन हॉल परिसर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। इस दौरान उन्होंने विजिटर्स बुक में संदेश लिखते हुए देश की रक्षा में वीरगति को प्राप्त सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इधर राजधानी जयपुर में आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने तिरंगा फहराया और सलामी ली। चौगान स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति आधारित प्रस्तुति दी। भरतपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द्र बैरवा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। प्रदेश के जिलों में प्रभारी मंत्री और जिला कलेक्टरों ने राष्ट्र ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी। विभिन्न संस्थाओं और संगठनों में भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने के समाचार है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में पार्टी अध्यक्ष मदन राठौड ने झंडा रोहण किया। इस मौके पर पूर्व मुंख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी मौजूद रही। जयपुर जिला कलक्ट्रेट में जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी ने ध्वजा रोहण किया। पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह में पुलिस महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। सरहदी जिले जैसलमेर और बाडमेर की बीएसएफ चोकियों पर भी हर्षोल्लास के साथ राष्ट्र ध्वज फहराया गया। प्रदेश के सभी जिलों और संभाग मुख्यालयों के साथ नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिकाओं और पंचायत समितियों तथा ग्राम पंचायतों के साथ ही सरकारी दफ्तरों में संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने तिरंगा फहराया और सलामी दी।

......................................................

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में भी गणतंत्र दिवस को लेकर देशभर से आये लोगों में उल्लास का माहौल बना हुआ है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर महाकुंभ के गंगा पवेलियन में विशेष रूप से भारत की अनुपम सांस्कृतिक छटा को दर्शने वाली प्रस्तुतियां रखी गई। अध्यांत्मिकता, संस्कृति और देश प्रेम की भावना से ओत–प्रोत इस कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों को देशरंग का अनूठा एहसास

कराया। महाकुंभ का आज 14वां दिन है। श्रद्धालु सभी अनुष्ठानों को पूरा करने के बाद मेला क्षेत्र में आयोजित विभिन्न प्रदर्शनियों और पंडालों का दौरा कर रहे हैं।

.......................................................

राज्य में आज से खाद्य सुरक्षा योजना के तहत नये नाम जोडे जा रहे है। इसके लिए आज से पोर्टल पर आवेदन लिये जा रहे है। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत वंचित पात्र लोग अपना नाम योजना में ऑनलाइन जुड़वा सकेंगे। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति और परिवार खुद या ईमित्र के जरिए आवेदन कर सकते हैं।

.......................................................